समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 10 September 2026

# निवेशकों के लिए बड़ी खुशखबरी! A-1 Ltd दे रही है 1 शेयर पर 40 शेयर, बोनस इश्यू और स्टॉक स्प्लिट के साथ EV सेक्टर मे बड़ा दांव

Sanket Morankar — Published on 29 Dec 2025



बीएसई (BSE) में सूचीबद्ध केमिकल ट्रेडिंग कंपनी **A-1 लिमिटेड** ने अपने निवेशकों के लिए एक बड़ी सौगात का ऐलान किया है। कंपनी ने **3:1 बोनस इश्यू** और **10:1 स्टॉक स्प्लिट** की घोषणा करते हुए बाजार में हलचल मचा दी है। इस कॉर्पोरेट एक्शन के बाद निवेशकों को **1 शेयर पर कुल 40 शेयर** मिलने वाले हैं, जिससे शेयरधारकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

A-1 लिमिटेड ने यह फैसला **EV कंपनी A-1 Sureja Industries मे 51 प्रतिशत हिस्सेदारी** हासिल करने के बाद लिया है। कंपनी का यह कदम न सिर्फ निवेशकों के भरोसे को मजबूत करता है, बल्कि इसके भविष्य के विकास की दिशा भी स्पष्ट करता है।

कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार,

- **3:1 बोनस इश्यू** के लिए **31 दिसंबर 2025** को रिकॉर्ड डेट तय की गई है।
  इसका मतलब यह है कि यदि किसी निवेशक के पास 1 शेयर है, तो उसे **3 अतिरिक्त बोनस शेयर** मिलेंगे।
- इसके बाद कंपनी **10:1 स्टॉक स्प्लिट** करने जा रही है, जिसकी **रिकॉर्ड डेट 8 जनवरी 2026** रखी गई है।
  स्टॉक स्प्लिट के तहत ₹10 फेस वैल्यू वाला एक शेयर ₹1 फेस वैल्यू के **10 शेयरों मे विभाजित** हो जाएगा।

इस तरह, बोनस और स्प्लिट मिलाकर निवेशकों को **एक शेयर पर कुल 40 शेयर** प्राप्त होंगे, जिससे शेयर की तरलता (Liquidity) बढ़ेगी और छोटे निवेशकों की भागीदारी भी आसान होगी।

A-1 लिमिटेड ने 22 दिसंबर 2025 को ई-वोटिंग के जरिए पोस्टल बैलेट में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दिलवाई। इनमें शामिल हैं:

- 3:1 बोनस इश्यू
- 10:1 स्टॉक स्प्लिट
- A-1 Sureja Industries में निवेश
- अधिकृत शेयर पूंजी को ₹20 करोड़ से बढ़ाकर ₹46 करोड़ करना
- MOA में संशोधन कर खेल सामग्री और फार्मास्युटिकल बिजनेस को शामिल करना

इन फैसलों से साफ है कि कंपनी अपने बिजनेस को मल्टी-सेक्टर ग्रोथ की ओर ले जाना चाहती है।

हरित ऊर्जा और स्वच्छ परिवहन की ओर तेजी से बढ़ते भारत में A-1 लिमिटेड ने **EV सेक्टर मे मंजबूत एंट्री** की है। कंपनी ने **A-1 Sureja Industries मे अंपनी हिस्सेदारी 45% से बढ़ाकर 51%** कर ली है। यह सौदा करीब **₹100 करोड़ के एंटरप्राइज वैल्यूएशन** पर पूरा हुआ है।

A-1 Sureja Industries '**Hurry-E**' ब्रांड के तहत बैटरी से चलने वाले दोपहिया वाहनों का निर्माण करती है। इस निवेश के बाद A-1 लिमिटेड उन चुनिंदा केमिकल कंपनियों में शामिल हो गई है, जिनकी सीधी हिस्सेदारी EV मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में है।

वित्त वर्ष 2023–24 में A-1 लिमिटेड ने **₹43.46 करोड़ का राजस्व** दर्ज किया है। कंपनी फिलहाल R&D चरण से निकलकर कमर्शियल प्रोडक्शन की ओर बढ़ रही है। मैनेजमेंट का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में कंपनी **250% से अधिक CAGR** की ग्रोथ दर्ज कर सकती है।

A-1 लिमिटेड का लक्ष्य वर्ष **2028 तक एक मल्टी-वर्टिकल ग्रीन एंटरप्राइज** बनना है। कंपनी लो-एमिशन केमिकल ऑपरेशन्स और क्लीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस को एक साथ जोड़कर खुद को भविष्य के लिए तैयार ESG लीडर के रूप में स्थापित करना चाहती है।

कंपनी ने हाल ही में **10,000 मीट्रिक टन कंसन्ट्रेटेड नाइट्रिक एसिड** की सप्लाई के लिए एक त्रिपक्षीय दीर्घकालिक करार किया है। यह आपूर्ति **नवंबर 2025 से मार्च 2026** के बीच की जाएगी। इसके अलावा, साई बाबा पॉलिमर टेक्नोलॉजीज से **₹150.45 करोड़ का इंडस्ट्रियल यूरिया ऑर्डर** भी कंपनी को मिला है।

7 नवंबर 2025 को मॉरिशस स्थित **Minerva Ventures Fund** ने BSE पर बल्क डील के जरिए A-1 लिमिटेड के **66,500 शेयर** खरीदे। यह सौदा लगभग **₹11 करोड़** का था, जो विदेशी निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

A-1 लिमिटेड का बोनस इश्यू, स्टॉक स्प्लिट और EV सेक्टर में रणनीतिक निवेश यह साबित करता है कि कंपनी दीर्घकालिक विकास की मजबूत योजना पर काम कर रही है। निवेशकों के लिए यह खबर न केवल शॉर्ट टर्म में फायदे का संकेत देती है, बल्कि लॉन्ग टर्म ग्रोथ के लिहाज से भी इसे एक मजबूत अवसर माना जा रहा है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.